No.of Printed Pages/Questions: 8 / 14

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Term- I (2023– 2024 )**

**Class : V** **MM: 80**
**Subject: Hindi** **Time: 2.15Hrs.**

Name:________________________ class/Section__________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question paper***

***General Instructions:***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं–'अ' और 'ब'।

(2) दोनों खण्ड अनिवार्य है।

(3) निर्धारित समय–सीमा 2.00+15 घंटे हैं।

(खण्ड'अ')

**प्र01 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए–** (1X5= 5)

पेंसिल की कहानी बहुत पुरानी नहीं है। करीब छह सौ वर्ष पहले जर्मनी में ग्रेफाइट की चट्टानें मिलीं इनका कोई टुकड़ा लेकर कागज़ या पत्थर पर लिखा जाता ,तो निशान या लकीरें बन जातीं। इसके कोई डेढ़ सौ साल बाद इग्लैंड में शुद्ध ग्रेफाइट की चट्टान मिली। पहले गड़रियों को इनका पता चला। वे ग्रेफाइट की चट्टान का टुकड़ा लेकर अपनी भेड़ों पर निशान लगा देते। इससे उन भेड़ों की अलग से पहचान हो जाती थी। फ्रांस के निकोलस जेटकांते और ऑस्ट्रेलिया के जोसफ़ हड्र्थमुथ ने सबसे पहले पेंसिल बनाने में कामयाबी हासिल की।

अब तो इतनी सुंदर पेंसिलें बनती हैं कि बच्चे उन्हें पाने के लिए मचल उठते हैं। अब पेंसिलों पर सुंदर–सुंदर बच्चों के हँसते–खेलते चित्र होते हैं। कुछ पर पक्षियों और जानवरों के भी चित्र होते हैं। वे इतनी रंग–बिरंगी होती हैं कि उन्हें हाथ में लिए बगैर चैन ही नहीं पड़ता।

करीब छह सौ वर्ष पहलें जर्मनी में किसकी की चट्टानें मिलीं ?

| | |
|---|---|
| अ कोयले | ब गिट्टी |
| स ग्रेफाइट | द कार्बन |

**ii ग्रेफाइट का टुकड़ा लेकर कागज़ या पत्थर पर लिखने से क्या बन जाता ?**

| | |
|---|---|
| अ वर्ण | ब अक्षर |
| स लकीरें | द वाक्य |

**iii ग्रेफाइट की शुद्ध चट्टान सबसे पहले कहाँ मिली ?**

| | |
|---|---|
| अ भारत | ब जापान |
| स इंग्लैंड | द चीन |

iv गड़रिये ग्रेफाइट से क्या करते थे?

अ बकरियों पर निशान लगाते थे
ब भेड़ों पर निशान लगाते थे
स गायों पर निशान लगाते थे
द कुत्तों पर निशान लगाते थें

v 'पक्षी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

अ पंछी
ब खग
स खेचर
द निशाचर

प्र02 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए– (1X5=5)

यह भारतवर्ष हमारा है
हमको प्राणों से प्यारा है।
है यहाँ हिमालय खड़ा हुआ ,
संतरी सरीखा अड़ा हुआ ,
गंगा की निर्मल धारा है ,
यह भारतवर्ष हमारा है ।
जन्मे थे यहीं राम–सीता ,
गूँजी थी यहीं मधुर गीता ,
युमना का श्याम किनारा है ,
यह भारतवर्ष हमारा है।
तन–मन धन प्राण चढ़ाएँगे ,
हम इसका मान बढ़ाएँगे ,
जग का सौभाग्य सितारा है ,
यह भारतवर्ष हमारा है ।

i – यहाँ 'हमारा' शब्द का प्रयोग किनके लिए हुआ है ?

अ भारतवर्ष
ब हिमालय
स राम–सीता
द यमुना

ii – हिमालय किसके समान खड़ा हुआ है?

अ दरबार की तरह
ब राजा की तरह
स सैनिक की तरह
द संतरी की तरह

iii – यमुना का किनारा कैसा है?

अ श्वेत
ब श्याम
स भूरा
द हरा

**iv** – भारतवासियों को देश किससे प्यारा है ?

अ प्राणों से　　　　ब धन से

स हिमालय से　　　　द अपने सुख से

**v** – 'जग' शब्द का क्या अर्थ है।

अ दुनिया　　　　ब देश

स राज्य　　　　द जिला

प्र03 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5= 5)

**i** – निम्न में से सदैव एकवचन में प्रयोग किए जाने वाले शब्द पृथक कीजिए–

अ सूरज　　　　ब तारें

स भक्तजन　　　　द लोग

**ii** – निम्न में से माँ का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

अ माता　　　　ब जननी

स अंबा　　　　द नारी

**iii** – निम्न में से सदैव पुल्लिंग में प्रयोग किए जाने वाले शब्द पृथक कीजिए–

अ कोयल　　　　ब मकड़ी

ग भालू　　　　द मालिन

**iv** – निम्न में से स्त्रीलिंग शब्द पृथक कीजिए– –

अ बाज　　　　ब खरगोश

स मच्छर　　　　द मछली

**v** – 'युवक' का स्त्रीलिंग होगा–

अ युवती　　　　ब युविका

स युवा　　　　द युविका

प्र04 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5= 5)

**i** – इनमें से कौन–सा तत्सम शब्द का उदाहरण है ?

अ सूरज　　　　ब पहला

स साँप　　　　द चंद्र

**ii** – इनमें से कौन–सा तद्भव शब्द का उदाहरण है ?

अ वायु　　　　ब जल

स सर्प　　　　द घोड़ा

iii – निम्न में से यौगिक शब्द का उदाहरण पृथक कीजिए–

अ कवि ब पाठशाला

स लंबोदर द मुरलीधर

iv – रचना या बनावट के आधार पर शब्द ----- प्रकार के होते हैं।

अ दो ब तीन

स पाँच द सात

v – 'लालिमा ने गृहकार्य किया।' में कारक है–

अ कर्ता कारक ब कर्म कारक

स करण कारक द संबंध कारक

**प्र05 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–** (1X5= 5)

i – मोहन की गाड़ी से आना है ?(रेखांकित शब्द में कारक है)

अ संबंध, अपादान ब करण अपादान

स संबंध , करण द कर्ता ,कर्म

ii – निम्न में से 'संबंध कारक' का कारक चिह्न है ?

अ में, पर ब का, के, की

ग को द के, लिए

iii – महाराणा प्रताप ने अनेक युद्ध लड़े। (उद्देश्य पृथक कीजिए)

अ अनेक युद्ध ब अनेक युद्ध लड़े

ग महाराणा द महाराणा प्रताप ने

iv – दशरथ के पुत्र राम वन की ओर जाते हैं। (विधेय पृथक कीजिए)

अ दशरथ ब वन की ओर जाते है

ग दशरथ के पुत्र राम द जाते हैं।

v – अरे! तुम कब आए ? ( अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पहचानिए)

अ निषेधवाचक ब विस्मयादिवाचक

ग प्रश्नवाचक द विधानवाचक

प्र06 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1X5= 5)

i – मैं हिंदी पढ़ता हूँ। (रचना के आधार वाक्य भेद पहचानिए)

अ सरल वाक्य  ब संयुक्त

स मिश्र वाक्य  द इनमें से कोई नही

ii – 'हमें अपना काम स्वयं करना चाहिए।' (रेखांकित में सर्वनाम है)

अ निजवाचक सर्वनाम  ब प्रश्नवाचक

ग संबंधवाचक सर्वनाम  द निश्चयवाचक सर्वनाम

iii – निम्न में से कौन सा का शब्द सर्वनाम है–

अ कौन  ब सपना

स भूलना  द देखना

iv – 'पुरुष का विलोम है।'

अ स्त्री  ब रोष

स कोमल  द कठोर

v – 'भक्त' का बहुवचन होगा–

अ भक्ती  ब भकतों

स भक्तजन  द भक्तों वर्ग

प्र07 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए– (1X5= 5)

छब्बीस साल की इला गुजरात के सूरत जिले में रहती है। उनका बचपन अमरेली जिले के राजकोट में अपने नाना के यहाँ बीता। साँझ होते ही मोहल्ले के बच्चे घरों से बाहर आ जाते। कुछ मिट्टी में आड़ी–तिरछी लकीरें खींचते , कुछ कनेर के पत्तों से पिटपिटी बजाते। जब खेलों से मन भर जाता तो पेड़ की डालियों पर झूला डालकर ऊँची– ऊँची पेंगे लेते। पर इला उनका साथ नही दे पाती। रस्सी पकड़ने को हाथ आगे बढ़ाती मगर हाथ तो उठते ही नहीं थे। उसने वो सब पैरों से करना सीखा जो हम हाथों से करते हैं। दाल–भात खाना ,दूसरों के बाल बनाना, फ़र्श बुहारना, कपड़े धोना, यहाँ तक की तख्ती पर लिखना भी। उसने एक स्कूल में दाखिला ले लिया और दसवीं तक की पढ़ाई की।

i – इला कितने वर्ष की है ?

अ तीस  ब छत्तीस

स छब्बीस  द उन्नीस

**ii** – इला गुजरात के किस जिले में रहती है ?

अ अहमदाबाद ब राजकोट

स गांधीनगर द सूरत

**iii** – इला का बचपन किसके यहाँ बीता ?

अ मामा ब दादा

स नाना द फूफा

**iv** – कुछ बच्चे मिट्टी में ---------लकीरें खींचते।

अ उलटी–सीधी ब आड़ी –तिरछी

स ऊँची–नीची द टेढ़ी–मेढ़ी

**v** – इला पैरों से कौन–सा काम नहीं कर पाती थी ?

अ दाल– भात खाना ब कपड़े धोना

स तरकारी काटना द सायकल चलाना

प्र08 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए– (1X5=5)

न जाने किस अदृश्य पड़ोस से
निकल कर आता था वह
खेलने हमारे साथ –
रतन, जो बोल –नहीं सकता था
खेलता था हमारे साथ
एक टूटे खिलौने की तरह
देखने में हम बच्चों की तरह
था वह भी एक बच्चा
लेकिन हम बच्चों के लिए अजूबा था
क्योंकि हमसे भिन्न था।

**i** – कविता के रचयिता कौन है?

अ कुँवर नारायण ब महादेवी वर्मा

स केदारनाथ अग्रवाल द कपिल अग्रवाल

**ii** – रतन कहाँ रहता था ?

अ गाँव में ब मोहल्ले में

स अदृश्य पड़ोस में द अदृश्य गली में

**iii** – रतन दूसरे बच्चों के लिए क्या था ?

अ चालाक ब अजनबी

स अजूबा द चतुर

**iv** – 'अजूबा' का पर्यायवाची शब्द है ।

अ अविलंब ब अनोखा

स स्नेह द प्रतिकूल

**v** .– 'हम' शब्द में कौन–सा सर्वनाम है ?

अ संख्यावाचक | ब परिमाणवाचक

स निजावाचक | द पुरूषवाचक

(खण्ड'ब')

**प्र09 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (2X5= 10)

**i** एन. सी .ई आर .टी .का पूरा नाम क्या है?

**ii** पिनकोड की शुरूआत कब और किस योजना के नाम से हुई ?

**iii** हूमर कबूतरों के विषय में आप क्या जानते है ?

**iv** सूचना और संदेश भेजने के नये तरीके कौन से है?

**v** कँवर सिंह कौन हैं ? वे कहाँ रहते हैं ?

**प्र010 दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (2X5= 10)

**i** खिलौनेवाला कौन–कौन से खिलौने लाया है ?

**ii** कविता में मोटर गाड़ी और रेल किस तरह चलने वाली है ?

**iii** बुराई पर अच्छाई के प्रतीक किन्हीं दो त्योहारों के नाम लिखिए?

**iv** रामायण और रामचरितमानस के रचियता का नाम लिखिए ।

**v** आप अपने मित्रों के साथ कौन–कौन से खेल खेलते है ?

**प्र011 दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–** (1X5= 5)

**i**) रामायण **ii**) झूला **iii**) खिलौना **iv**) पानी **v**) मामा

**प्र012 मिलान कीजिए–** (1X5=5)

| | |
|---|---|
| **i**) कँवर सिंह | उड़ीसा |
| **ii**) इला | 6 अंक |
| **iii**) अदृश्य पड़ोस | डाकिया |
| **iv**) पिनकोड | कशीदाकारी |
| **v**) हूमर कबूतर | रतन |

**प्र013 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए–** (5X1=5)

**i**) मोबाइल फोन (मुसीबत या मददगार)

**ii**) मेरा मित्र वृक्ष

**iii**) मेले में

**iv**) खेलों का महत्त्व

**प्र014 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए।** (5X1= 5)

मध्यांतर के बाद घर जाने की अनुमति के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर जाने के लिए तीन दिन के अवकाश हेतु प्रधानचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

**********